तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 20 दिसंबर 2023

4 जहां का ठेका वहां छोड़ दूसरी जगह पर ठेकेदार ने बना दी वार्ड की सड़क

खबर संक्षेप

विधायक ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ी में ली शपथ

रायगढ़। नवगठित भाजपा सरकार का पहला विधानसभा सत्र मंगलवार से आरंभ हो गया। पहले दिन सभी निर्वाचित विधायको ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने भी छत्तीसगढ़ी भाषा में रायगढ़ की जनता के लिए तन मन से समर्पित रहने की शपथ लेते हुए कहा रायगढ़ की देव तुल्य जनता ने अपना अपार समर्थन देते हुए मार्गदर्शन देते हुए आशीर्वाद देते हुए मुझे पहली बार विधान सभा पहुंचाया है। सभी कार्यकर्ताओ का आत्मीय रूप से आभार व्यक्त किया। शपथ के दौरान ओपी ने आम जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूरे मनोयोग से निर्वहन करने की बात भी कही। ओपी ने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए समर्पित रहने की बात कही।

पेयजल से जुड़ी शिकायत के लिए एकल खिड़की

रायगढ़। अब पीने की पानी से संबंधित समस्या के लिए एकल खिड़की सुविधा निगम प्रशासन द्वारा शुरू की जा रही है। पेयजल से संबंधित समस्त समस्याओं, परेशानियां मांग के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। शहरवासियों को पेयजल से संबंधित आवेदन करने के लिए वाहन शाखा में जाना होता था। इसी तरह आवक में आवेदन देने पर यह आवेदन रिमार्क होकर जल विभाग में पहुंचता था। इसमें आवेदन लेने से लेकर रिमार्क होने और आवेदन के जल विभाग पहुंचने में तीन-चार दिनों का समय लगता था और लोगों के समस्याओं के निराकरण होने में पर विलंब की शिकायत रहती है। आवेदनकर्ताओं के उनकी समस्याओं के निराकरण विलंब से होने की शिकायत रहती थी और पेयजल समस्या का त्वरित निराकरण नहीं हो पता था। इसे देखते हुए ही कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने एकल खिड़की व्यवस्था शुरू करने के निर्देश जल विभाग प्रभारी सहायक अभियंता सूरज देवांगन को दिए हैं। एकल खिड़की में नया नल कनेक्शन लेने नल कनेक्शन को काटने, नल कनेक्शन की मरम्मत, अमृत मिशन योजना से संबंधित समस्त समस्याओं सुझाव से संबंधित एवं पेयजल से संबंधित समस्त प्रकार के आवेदन लिए जाएंगे।

छाल में आबकारी विभाग की कार्रवाई

रायगढ़। छाल खरसिया क्षेत्र में इनके आसपास अवैध महुआ मदिरा निर्माण पर आबकारी विभाग रायगढ़ द्वारा संयुक्त दल बनाकर बरभौना के निकट पतासाजी करते हुए वन क्षेत्र में नदी के किनारे अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्रवाई की गई है। कार्यवाही में 8 प्लास्टिक बोरियों में प्रत्येक में 20.20 किलो कुल 160 किलो ग्राम महुआ लाहनए पांच प्लास्टिक जरीकेन और 2-2 लीटर क्षमता वाली 4 बोतलों में भरी हुई कुल 38 लीटर महुआ शराब जप्त की गई है।

धान खरीदी केंद्रों में आकस्मिक निरीक्षण

सारंगढ़। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ विकासखंड के धान खरीदी केंद्र कोतरी और हरदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। डॉ सिद्दीकी ने धान को छूकर धान की जानकारी ली। इसके साथ ही साथ नमी मापक यंत्र से बोरों के धानो का नमी जांच की। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों के सहायक प्रबंधकों को कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार धान खरीदी कार्य करें।

गुरु घासीदास जयंती पर गांव -गांव में शोभायात्रा

सारंगढ़। 18 दिसंबर को जैतखाम में भव्य रूप से सतनामी समाज के लोगों के द्वारा पूजा पाठ किया गया। छत्तीसगढ़ के गांव गांव में बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर नाच गान के साथ श्रद्धालुओं के जत्था द्वारा गांव में भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में युवाओं की भीड़ ने बाबा के भक्ति गानों में नृत्य करके अपने भावों को प्रकट किया। इस रैली के दौरान सतनामी समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग और बाबा गुरु घासीदास के श्रद्धालु शामिल थे।

चौक-चौराहों पर भीख मांगने को मजबूर बच्चे

सड़कों पर लावारिस घूम रहा बचपन, बच्चों को मूलधारा में लाने गंभीर नहीं विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आप नगर के चौराहे पर अपना वाहन रेड लाइन होने पर रोकते हैं तो यहां काफी संख्या में बच्चे हाथ फैला कर आपसे रुपए मांगने पहुंच जाएंगे। इनमें से कुछ बड़े बच्चे ऐसे भी होंगे, जो अपने साथ गोदी में एक छोटा बच्चा उठाए आपसे भीख मांग रहे होंगे। चौराहे पर भिक्षाटन का यह चलना रायगढ में बीते एक दो साल में शुरू हुआ है। शहर मे भिक्षावृत्ति एक बडी समस्या बनती जा रही है।

आम तौर पर शहर में भीख मांगने वाले बच्चे रेलवे स्टेशन ए हेमू कलाणी चौक ए बाजार में मंदिर रोड पर अक्सर देखने को मिल जाएंगे। पहली नजर में इन्हें देखा जाए तो ये बच्चे लावारिस से नजर आते हैं लेकिन यहां रुक कर इन्हें देखेंगे तो पाएंगे कि इन्हें बकायदे भीख मांगने के काम पर इनके ही परिजनों द्वारा लगाया गया है। यह बच्चे महिला बाल विकास विभाग के जिम्मेदार फील्ड स्टाफ को नजर नहीं आते हैं, जिनका जिम्मा ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर उनका पुनर्वास करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग को श्रम विभाग और शिक्षा विभाग के सहयोग से ऐसे बच्चों को चिन्हित करके इन्हें मूल धारा में लाना है। इसके लिए पहले परिवार सर्वे कर ऐसे परिवारों और बच्चों की प्रोफाइलिंग करनी है। इसके बाद इन बच्चों को भीख मांगनेए कबाड़ बीनने जैसे कामों से अलग कर इन्हें स्कूल भेजना है। इसके बाद स्कूल जाने वाले ऐसे चिह्नित बच्चों की शिक्षा महकमे के जरिए इनकी निगरानी करनी है कि ये नियमित तौर पर स्कूल आ रहे हैं या नहीं। ऐसे बच्चे अगर स्कूल में अनुपस्थित रहते हैं तो इनकी जानकारी लेकर संबंधित विद्यालय के शिक्षकों की इनकी गृह विजिट करवानी है साथ ही श्रम विभाग के समन्वय से ऐसे परिवारों की काउंसिलिंग आदि करनी है। साथ ही इन परिवारों के आधार कार्ड सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ दिलवाना है।

बच्चों की पुनर्वास नीति का पालन नहीं

महिला एवं बाल विकास विभाग ने पाया कि शहर सहित नगरीय निकायों में सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास की दिशा में अपेक्षित काम नहीं कर रहे हैं। सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास नीति 2022 के तहत अधिसूचित कर इनकी जानकारी पोर्टल पर अपडेट करनी थी। इसके साथ ही इन बच्चों को पुनर्स्थापित कर बच्चों व परिवार को शासन की योजना से लाभांवित करना था। लेकिन पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि जिले मे विभाग इस दिशा में गंभीर नहीं है। इस पर संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला कार्यक्रम अधिकारियों को इस काम को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य पर भी प्रभाव

इस मामले में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एनके शर्मा का कहना है कि जिस तरीके से ये बच्चे चौराहों पर दिन भर रहकर भीख मांगते हैं उससे इनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा है। यहां दिनभर वाहनों के धुंए का प्रदूषण उनके अंदर पहुंच कर फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है वहीं अन्य बीमारियों के चपेट में भी आ सकते हैं।

प्लेटफार्म पर नक्शा मूल्यांकन कर किया नापजोख

एफओबी निर्माण के लिए दूसरी बार सर्वे करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन में नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 का निरीक्षण कर नापजोक किया। मंगलवार को यह टीम दूसरी बार सर्वे करने पहुंची। इस दौरान नक्शे का मूल्यांकन करते हुए नापजोख किया गया।

गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित सूची में रायगढ़ का भी नाम है। ऐसी स्थिति में यहां कई तरह के निर्माण कार्य किए जाएंगे। फिलहाल रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग व गार्डन आदि के निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं। वहीं अब इसी कड़ी में नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में रेलवे स्टेशन में प्लेट फार्म नंबर 1,2 व 3 को आपस में जोड़ने के लिए बिलासपुर और झारसुगुड़ा छोर पर दो फूट ओवर ब्रिज हैं। किंतु मुख्य द्वार से इनकी दूरी काफी अधिक है। वहीं इसमें व्हीलचेयर व बैटरी कार के जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। ऐसी स्थिति में शारीरिक रूप से असक्षम यात्रियों को परेशानियों होती हैं। यही वजह है कि इन दोनों के बीच एक नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं, वहीं शुक्रवार को अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जिस स्थान पर निर्माण होना है उक्त स्थान का नापजोक किया । इस संबंध में बताया गया कि इस नए एफओबी की चौड़ाई करीब 12 मीटर होगी। इसके निर्माण में इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि इससे यात्रियों को आवाजाही व पार्सल अन्य सामानों को लाने ले जाने में कोई परेशानी न हो। नए एफओबी की चौड़ाई करीब 36 फुट है। ऐसे में प्लेट नंबर 2 में उसी स्थान पर एफओबी का पिलर स्थापित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि नए एफओबी में लिफ्ट की सुविधा होगी। ताकि दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य शरीरिक रूप से असक्षम यात्रियों को एक प्लेट फार्म से दूसरे प्लेट फार्म में लाने ले जाने में सुविधा हो। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन में नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 का दूसरी बार निरीक्षण कर नापजोख किया।

एलुमनी मीट में शामिल हुए शहर विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीएम स्कूल नवोदय विद्यालय के एलुमनी मीट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु भूपदेवपुर स्कूल पहुंचे।

जहां स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों ने विधायक का तिलक लगाकर भावभीना स्वागत किया जिसे देख ओपी चौधरी अभिभूत हो गए। छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ओपी ने अपने जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। शिक्षा को जीवन के बदलाव का माध्यम बताते हुए ओपी ने कहा स्कूली परीक्षाएं हमे व्यवहारिक जीवन की परीक्षाओं में भी सफल होना सिखाती है। स्कूली शिक्षा के जरिए जीवन से जुड़े बहुत से व्यवहारिक ज्ञान का अनुभव हासिल होता है। अनुशासन एवं परिश्रम का पाठ भी शिक्षा के जरिए ही मिलता है। जीवन के किसी भी लक्ष्य को सफलता पूर्वक हासिल करने के लिए शिक्षा को अनिवार्य बताया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विधार्थियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर विधायक रायगढ़ सभी का आभार भी व्यक्त किया।

मुआवजे की मांग को लेकर कोल साईडिंग पर प्रदर्शन

रायगढ़। एनटीपीसी तलाईपल्ली प्रोजेक्ट पर भू-स्थापितों ने अपने हक अधिकारों की मांगो को लेकर एक बार फिर एनटीपीसी की साइडिंग रेल की पटरी पर बैठ घंटो कोल साइडिंग के काम को प्रभावित कर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन को समर्थन देने घरघोड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी अपने साथियों के साथ पंहुचे थे। इस आंदोलन में महिलाएं भी भारी तादाद में शामिल हुईं। प्रदर्शन कारियो का कहना है कि एनटीपीसी द्वारा प्रोजेक्ट को लेकर जो वायदे भू प्रभावितों से किए गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। यही वजह की 30 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया गया है। एक बार फिर एनटीपीसी तिलाई पाली प्रभावित भू विस्थापितों ने 18 दिसंबर को हड़ताल कर रायकेरा रेलवे साइडिंग को प्रभावित किया जिससे शासन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस दौरान हंगामा बढ़ता देख पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा जहां कंपनी प्रबंधन और प्रभावित के बीच इसी सप्ताह में आपसी सामांजस्य से प्रकरण का निराकरण करने पर सहमति बनी, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 2 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में घंटे भर के भीतर दो बड़े हादसे हुए हैं। पहली घटना रेगड़ा और गोवर्धनपुर के बीच बंजारी मंदिर के नजदीक हुई है, वहीं दूसरी दर्दनाक घटना पंचधारी केलो नदी के नजदीक ऐश्वर्यम कॉलोनी के सामने हुई है। पहली घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है, तो वहीं दूसरी घटना में बाइक सवार दोनों युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया है।

दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसारए पहली घटना गोवर्धनपुर के पास हुई। जहां घटना में बाइक सवार युवक तेज गति से गोवर्धनपुर की ओर जा रहा था। तभी खेत की ओर से मिट्टी लेकर आ रहा ट्रैक्टर सड़क की ओर चढ़ रहा था। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक सवार युवक बाइक से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर से जा टकराया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों के मुताबिक घायल युवक गोवर्धनपुर का ही रहने वाला है। युवक के बारे में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी घटना शहर से लगे पंचधारी के पास ऐश्वर्यम कॉलोनी के सामने हुई है। डंपर की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवकों को डंपर चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया है। सड़क निर्माण नहीं होने के कारण पहले से ही कॉलोनी वासी और आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश था। जो घटना के बाद अब भड़क उठा है।

भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप एसआई भर्ती रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्ष 2018 में व्यापम द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिसमें अब तक भर्ती नहीं हो सकी है। भी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भी इसके परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। अभ्यर्थियों द्वारा व्यापम सहित पुलिस मुख्यालय पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता व गड़बड़ी करने आरोप लगाते हुए इस भर्ती को निरस्त कर नए सिरे भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने की मांग की गई है। इस संबंध में पुलिस उपनिरीक्षक की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि व्यापम द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती मुख्य लिखित परीक्षा 26, 27 एवं 29 मई 2023 को आयोजित किया गया, लेकिन इसका ना तो स्कोर कार्ड जारी किया और ना ही वर्गवार मेरिट सूची जारी की गई। जबकि व्यापम द्वारा परीक्षा निर्देश में परिणाम और मेरिट लिस्ट जारी करने का स्पष्ट उल्लेख किया गया था। इस भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता को दरकिनार करते हुए व्यापम और पुलिस मुख्यालय द्वारा आपस में नियमों को ताक पर रख कर खुलेआम परीक्षा परिणाम से छेड़छाड़ किया गया है, जिसकी वजह से जिससे योग्य अभ्यर्थी भी बाहर हो गये है। मुख्य लिखित परीक्षा के मॉडल उत्तर में जिन अभ्यर्थियों का दूसरे अभ्यर्थियों की तुलना में कम नंबर आ रहा था, उसका चयन हो गया है और अधिक नंबर लाने वाले योग्य अभ्यर्थी बाहर हो गए। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस महानिदेशक द्वारा स्वयं व्यापम ऑफिस आकर बलपूर्वक मुख्य लिखित परीक्षा परिणाम को सील बंद लिफाफे में नियम के विपरीत ले जाया गया और परीक्षा परिणाम को अपने हिसाब से मेनूपुलेट किया गया।

नियमों को किया दरकिनार

अभ्यर्थियों ने बताया कि अभी तक हुई प्रारंभिक एवं मुख्य लिखित परीक्षा में उक्त भर्ती नियम का पालन नही किया गया है। प्रारंभिक लिखित परीक्षा में प्लाटून कमांडर पद में जिसमे महिलाओ को पात्रता नही थी, किंतु इसमें 1 हजार 843 महिलाओ की भर्ती की गई। जिसके कारण 1 हजार 843 पुरुष अभ्यर्थी या समान अंक वाले अधिक पुरुष अभ्यर्थी मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल नही हो सके। इसी प्रकार विभागीय कर्मचारी एवं पूर्व सर्विसमेन के क्रमशः 5 फीसदी एवं 10 फीसदी नियम का पालन ना कर इन्हे भी मुख्य लिखित परीक्षा मे तथा अब शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नही किया गया। मुख्य लिखित परीक्षा परिणाम में समान अंक एवं समान रैंक वाले अभ्यर्थियों को शामिल नही करके ऐसे अभ्यर्थियों को भी शारीरिक दक्षता परीक्षा से वंचित किया गया।

उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी को किया अनुतीर्ण

एक अभ्यर्थी फिजिकल में पासिंग मार्क से भी 6 अंक अधिक प्राप्त कर 96 अंक हासिल किए। उसको फिर से कॉल करके बहला फुसला कर बुलाया गया और उसको दबाव पूर्वक उसका नंबर 84 करके उससे हस्ताक्षर करवा उसे फैल कर बाहर कर दिया गया। जो यह दर्शाता है कि यह सरकार अपनें लोगो का नंबर बढ़ा भी सकते है और योग्य लोगो को बाहर कर सकते है। इस प्रकार सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 एवं 2021 में खुलेआम सभी भर्ती नियम से खिलवाड़ कर धांधली गड़बड़ियां एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

ओपी से मिले संविदाकर्मी

रायगढ़। संविदा कर्मचारियों ने नवनियुक्त विधायक ओपी चौधरी से मुलाकात कर कर नियमितीकरण की मांग को जमीनी स्तर पर उतराने की मांग की।

वहीं शासन से संविदा कर्मचारियों को राहत दिलाने की मांग की।संविदा कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 5 साल कांग्रेस सरकार में ठग के शिकार हुए ऐसे में उन्हें भाजपा सरकार से नियमितीकरण करने की उम्मीद है। बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में भी कर्मचारी हित की बात कही है साथ ही साथ संविदा कर्मचारियों के हड़ताल के दौरान बीजेपी के सभी वरिष्ठ नेता जिसमें भूतपूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, नारायण चंदेल सहित ओपी चौधरी ने भी संविदा कर्मचारियों के हड़ताल में उनके मंच में पहुंचे थे और नियमितीकरण का वादा किया था! रायगढ़ के समस्त संविदा कर्मचारियों को ओपी चौधरी पर होने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में सैंकड़ों कर्मचारी ने हिस्सा लिया और नियमितीकरण की आवाज को बुलंद करने में अपनी ताकत दिखाई।

रेल लाइन प्रभावित एक दर्जन गांव के करीब 150 किसानों को आपत्ति, शासन से लगाई गुहार

सही आंकलन नहीं, मुआवजे पर प्रभावितों की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया से कापीछापर रेलवे लाइन का मुआवजा सही तरीके से आबंटित व प्रदान करने की मांग करते हुए मंगलवार को करीब एक दर्जन गांव के सैकड़ों किसानों ने शासन के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान किसानों से मुआवजे का सही आकलन करते हुए वितरण की मांग की, अन्यथा उग्र आंदोलन की बात कही।

गौरतलब है कि रेल लाईन प्रभावित व्यक्ति एवं खातेदार प्रभावित भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों के मूल्यांकन पर दावा-आपत्ति करने के लिए आज अंतिम तिथि है। ऐसी स्थिति में मंगलवार को सैकड़ो किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंच कर अपनी दावा आपत्ति दर्ज कराई। घरघोड़ा से डोंगामहुआ 28 किलोमीटर 42.812 हेक्टेयर, छाल 0.506 हेक्टेयर एवं खरसिया से कारीछापर 45 किलोमीटर 0.376 ईस्ट रेल कारीडोर के लिए भू-अर्जन हेतु भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित)की धारा 20 (ई)के अधीन अधिसूचना का प्रकाशन भारत के राजपत्र में 3 जुलाई 2023 को तथा स्थानीय समाचार पत्र में 15 जुलाई 2023 को किया गया था। उपरोक्त परियोजना से प्रभावित तहसील तमनार के ग्राम चितवाही, भालमुड़ा, रोडोपाली, ढोलनारा, खम्हरिया, मिलूपारा, खर्रा एवं कटंगडीह की प्रभावित भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए संयुक्त दल गठित की गई थी। उक्त संयुक्त दल द्वारा 4 दिसम्बर 2023 को प्रभावित भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

सभी किसान नाखुश

कृषि भूमि के एवज में किस आधार पर मुआवजा राशि दी जा रही है। किसान उसका विरोध कर रहे हैं। उनकी माने तो उपजाऊ भूमि के बदले दी जाने वाली मुआवजा राशि ऊंट के मुंह जीरा के समान है। यही वजह है कि जिन किसानों की भूमि उक्त परियोजना में अधिग्रहित हुई है वे सभी नाखुश है और इसी कारण एक जुट होकर विरोध कर रहे हैं।

इन तथ्यों पर विरोध

अधिग्रहित भूमि का गणना पत्रक में उल्लेखित नहीं है, वहीं उक्त प्रभावित भूमि परिवर्तित है। सर्वे करते समय किसानों को इस बात को लेकर आश्वास्त किया गया कि परिसंपत्तियों का मुआवजा गाइड लाइन 2017-18 के अनुसार 100 फीसदी गाइड लाइन की दर से चार गुना राशि दी जाएगी। प्रभावित भूमि का मुआवजा 30 फीसदी काटा गया है।

कत्ता लेकर उत्पात मचाते युवक गिरफ्तार

रायगढ़। मुखबिर की सूचना पर जूटमिल पुलिस ने बजरंगपारा निगम कॉलोनी में एक व्यक्ति को धारदार हथियार लेकर मोहल्लेवालों को डराते धमकाते गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा बजरंगपारा निगम कॉलोनी में जाकर कत्ता लेकर लोगों से झगड़ा विवाद करते युवक को पकड़ा गया। युवक ने अपना नाम मुकेश निराला पिता मुन्ना निराला 27 साल निवासी बजरंग पारा निगम कॉलोनी थाना जूटमिल का रहने वाला बताया। आरोपी के कृत्य पर थाना जूटमिल में 'धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

खबर संक्षेप

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों की बैठक आज

जशपुरनगर। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचनों के परिणाम घोषणा होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखों का सही प्रतिलिपि दाखिल करने के संबंध में दिनॉक 20 दिसंबर 2023 को समय 2.00 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट जशपुर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12- जशपुर, 13-कुनकुरी एवं 14-पत्थलगॉव के लिए चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थी या निर्वाचन अभिकर्त्ता निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होने के लिए कहा है।

पत्थलगांव-कुनकुरी सड़क निर्माण में तेजी लाने निर्देश

पत्थलगांव। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पथलगाँव-कुनकुरी सड़क निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सड़क निर्माण के कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। निर्देश के परिपालन में टीबीसीएल कंपनी द्वारा पत्थलगांव से कुनकुरी तक जगह-जगह पर सड़क निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है। कंपनी ने बताया पत्थलगाँव शहर में तेजी चल रहे से सी सी सड़क का निर्माण कार्य दिसंबर

प्रशासनिक कसावट के लिए बदले गए बीएमओ व फूड इंस्पेक्टर

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के कारण लगातार विभागों में प्रशासनिक कसावट लाई जा रही है। साथ ही व्यवस्था दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग में फेरबदल किया गया है। कांसाबेल की बीएमओ संध्या रानी टोप्पो हटाई गईं हैं। अब उनकी जगह सर्जरी विशेषज्ञ डॉक्टर सिलबेस्टर तिर्की बीएमओ का प्रभार संभालेंगे। साथ ही फरसाबहार के फूड इंस्पेक्टर अलाउद्दीन खान भी हटाए गए हैं। खाद्य विभाग के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अब फरसाबहार में हेमप्रकाश भारद्वाज फूड इंस्पेक्टर होंगे।

45 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। 45 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। रविवार 17 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि इंदिरा उद्यान के पीछे अकलतरा निवासी गोपाल सिंग द्वारा अपने कब्जे मे अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। जिसके कब्जे से 50 लीटर वाली नीले रंग के जरिकेन मे करीब 45 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 63 सौ रूप्ए मिला।

नहीं रूक रहा अवैध उत्खनन

कुरकुट नदी से रेत निकालने में सक्रिय माफिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

रायगढ़ जिले के घरघोड़ा क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों से बालू का अवैध उठाव जारी है। दर्जनों ट्रैक्टरों में हर दिन बालू का उठाव कर अवैध तरीके से बाजार में बेचा जा रहा है। सरकारी स्तर पर हो रहे निर्माण कार्यों में भी चोरी का बालू उपयोग किया जा रहा है। घरघोड़ा क्षेत्र में लगभग 5 से 6 बालू घाट हैं, जिनमें बैहामुड़ा, चरपल्ली-बरभांठा (घरघोड़ी) कारिछापर-छिरभौना (टेरम) आमापाली (कंचनपुर) और बरौद शामिल हैं, जिनकी खनिज विभाग द्वारा नीलामी की जाती है।

बालूघाटों की नीलामी नहीं होने के कारण बालू का अवैध कारोबार और उसकी कीमत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। अधिकारी-कर्मचारियों को पता है कि नीलामी नहीं होने के कारण गैरकानूनी तरीके से बालू का उठाव हो रहा है, तब भी बालू का अवैध कारोबार बेरोकटोक जारी है। घरघोड़ा क्षेत्र की जीवनदायिनी कुरकुट नदी से अवैध तरीके से बालू का उठाव कर दर्जनों ट्रैक्टरों में लादकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के अनेकों प्रतिष्ठानों में थोक के भाव में रेत की आपूर्ति की जाती है। क्षेत्र में लगातार हो रहे निर्माण कार्यों के कारण बालू की खपत बढ़ गई है। बिना टेंडर या रॉयल्टी प्राप्त किए बगैर अनुमति के नदियों से बालू का उठाव गैरकानूनी होने के बावजूद भी बेरोकटोक जारी है। इस सम्बंध में अनेकों बार संबंधित विभागों को समाचार पत्रों के माध्यम से समय-समय पर ध्यानाकर्षित किया जाता रहा है, उसके बाद भी अवैध रूप से रेत परिवहन कर लोगों की मांग के मुताबिक दिनदहाड़े तो खपाया ही जाता है, इसके अलावा अंधेरा होते ही उससे बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन परिवहन संरक्षण में जारी है, जिससे भारी मात्रा में रेत का अवैध उत्खनन परिवहन होने के कारण वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। अहम तर्क तो यह है कि रेत से भरे वाहन पकड़ने की औपचारिकता निभाई जाती है। उन पकड़े गए वाहनों के असली मालिक का नाम सामने नहीं आता और पकड़े गए वाहन के चालक के विरुद्ध प्रकरण बनाकर उस पर जुर्माने की राशि ठोंककर अपना कर्तव्य इतिश्री कर लेते हैं। यही वजह है कि रेत के घाटों से रेत का अवैध उत्खनन परिवहन का सिलसिला जारी रहता है।

यदि रेत के अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने को सरकारी तंत्र सोंच रहा है तो उनके पास यही उपाय बचा है कि या तो अवैध रूप से रेत लदे किसी भी प्रकार के वाहन को नियमतः राजसात किया जाए या उन वाहन के मालिक को जेल की हवा खिलाई जाए तो शायद इस तरह के अवैध कारोबार को रोका जा सकता है?

नए साल से सीए बनना होगा आसान समय भी एक वर्ष कम लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चार्टर्ड अकाउंटेट बनने का सपना रखने वाले युवा प्रतिभाओं के लिए अगले वर्ष 2024 से परिदृश्य बदलने वाला है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेट ऑफ इंडिया आईसीएआई की ओर से सीए कोर्स में किए गए बदलाव नए साल से लागू होंगे। सीए फाइनल से लेकर इंटर ओर फाउण्डेशन तक में बदलाव होगा।

सीए की बढ़ती मांग पूरी करने ओर अधिकाधिक प्रतिभाओं को इस क्षेत्र में लाने के लिए आकर्षित करने के लक्ष्य से सीए कोर्स व परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया गया है। यह बदलाव मई.2024 से होने वाली सीए फाइनल इंटर व फाउण्डेशन परीक्षा से प्रभावी होंगे। इसमें सबसे बड़ा बदलाव सीए इंटर क्लीयर करने के बाद फाइनल की परीक्षा से पूर्व तीन वर्ष की आर्टिकलशिप अवधि को एक वर्ष घटा देना है यानि अब इंटर के दो वर्ष बाद ही विद्यार्थी फाइनल की परीक्षा देने के लिए पात्र होंगे। अभी इसके लिए तीन वर्ष इंतजार करना पड़ता था। इससे सीए फाउण्डेशन करने के बाद तीन वर्ष में सीए इंटर व फाइनल दोनों पूरे किए जा सकेंगे।

इसी तरह सीए इंटर व फाइनल की परीक्षा में नए वर्ष से 8 की बजाय 6 प्रश्नपत्र ही होंगे। दो ग्रुप में होने वाली इस परीक्षा में प्रत्येक ग्रुप में अब चार की बजाय तीन प्रश्नपत्र होंगे। नए परीक्षा पैटर्न में कम्प्यूटर व इकोनॉमिक्स का पेपर नहीं होगा। सीए इंटर व फाइनल में अब हर प्रश्नपत्र में तीस प्रतिशत प्रश्न बहुविकल्पीय एमसीक्यू होंगे। अब तक केवल थ्योरी के प्रश्नपत्र में ही ऐसा हो रहा था। सीए फाउण्डेशन परीक्षा में भी अगले वर्ष से इंग्लिश व बीसीके के प्रश्नपत्र नहीं होंगे। वाणिज्य विशेषज्ञों का कहना है कि आईसीएआई वर्ष 2024 से सीए फाइनल इंटर व फाउण्डेशन के परीक्षा पैटर्न में जो बदलाव करने जा रहा है वह विद्यार्थी हित में होने के साथ सीए बनने की राह अपेक्षाकृत आसान करेगा। कड़ी मेहनत करने वाली युवा प्रतिभाओं को अब सीए बनने में लगने वाला समय भी एक वर्ष कम हो जाएगा।

■ इंटर व फाइनल में पेपर भी कम, वर्ष 2024 से बदलेगा परिदृश्य

रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले के तीनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में एसडीएम प्रशांत कुशवाहा द्वारा विधानसभा क्षेत्र-12 एसडीएम श्रीमती श्यामा पटेल विधानसभा क्षेत्र-13 एवं एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी विधानसभा क्षेत्र-14 पत्थलगांव का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर दायित्व निर्वहन करते हुए त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण, अद्यतीकरण ए. एम. एफ. सहित मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारी, सतत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, निर्विवाद नाम निर्देशन, मतदान दलों का प्रभावी प्रशिक्षण एवं जशपुर विधानसभा के 325, कुनकुरी विधानसभा के 278, पत्थलगांव विधानसभा के 275 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराते हुए ई.व्ही.एम. का स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित परिवहन एवं सीलिंग तथा मतगणना दिवस को सुव्यवस्थित मतगणना कराते हुए परिणाम की घोषणा की। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन कराते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराया गया,यह सराहनीय रहा। विधानसभा निर्वाचन 2023 में उल्लेखनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा रिटर्निंग ऑफिसरों को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन 2023 में तहसीलदार जशपुर श्रीमती जयश्री राजन पथे और तहसीलदार मनोरा राहुल कौशिक द्वारा विधानसभा क्षेत्र-12 जशपुर का, तहसीलदार कुनकुरी मुखदेव यादव और तहसीलदार फरसाबहार तोष कुमार सहित अन्य का सम्मान किया।

■ निर्वाचन 2023 शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए हुए सम्मानित

विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ रहे ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करने और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह सफर रायगढ़ जिले में भी निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आज जिले के विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम साजापाली एवं जमाबीरा, घरघोड़ा के कोसमघाट एवं पूरी, लैलूंगा के मुड़ागांव एवं कोड़ासिया, रायगढ़ के पंडरीपानी पूर्व एवं गोपालपुर तथा तमनार विकासखण्ड के ग्राम.उरबा एवं पेलमा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यहां मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए थे। जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आए ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच के साथ सिकल सेल के मरीजों की भी जांच की गई। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अभिनंदन पत्र वितरित किए गए। मौके पर लोगों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किये। कोसमघाट की शारदा राठिया का कहना कि ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों के लिए पक्के का मकान सपने जैसा होता हैए लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से पक्के मकान का सपना पूरा हुआ और आज हमें इस शिविर के माध्यम से मकान का अभिनंदन पत्र भी जारी हो गया है। इसी तरह शिविर में आए जयराम राठिया ने बताया कि उसके घर में पहले शौचालय नहीं था। जिससे काफी कठिनाई होती थी। लेकिन आज केन्द्र सरकार की योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उनके घर में शौचालय की सुविधा हो गई। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को सहृदय धन्यवाद दिया।

रौनियार समाज के गुप्ता दूसरी बार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पत्थलगांव रौनियार समाज के दो वर्ष कार्यकाल जो कि 31 दिसम्बर 2023 को खत्म होने की तरफ था जिसे लेकर रौनियार समाज की हर महीने होने वाली बैठक में रविवार को हुए चुनाव में फिर से दुबारा जितेन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया उपाध्यक्ष मिथलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता , सचिव कुंदन गुप्ता, ब्यवस्थापक कृष्ण कुमार गुप्ता, एवं मीडिया प्रभारी के रूप में मनोहर गुप्ता,को चुना गया आपको बता दे कि रौनियार समाज पत्थलगांव में हर दो वर्ष का कार्यकाल होता है। जिसे पूर्ण होने से एक महीने पूर्व ही अगले अध्यक्ष का चुनाव कर लिया जाता है। पत्थलगांव रौनियार समाज जिसे 1982 में एक किया गया था तब से लेकर रौनियार समाज की हर महीने बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाता है। रौनियार समाज सामाजिक रूप से समाज के युवा पीढ़ी को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करती रही है समय समय मे युवाओं को सम्मानित भी करती रही है। पत्थलगांव रौनियार समाज के मुखिया अरुण गुप्ता ने बताया की हमारा पत्थलगांव रौनियार समाज एक दूसरे के साथ बेहतर तालमेल के साथ रहते है। एक दूसरे के सुख दुःख में मिल कर कार्य करते है। 2024, 25 के लिए हुए चुनाव में जितेन्द्र गुप्ता को अध्यक्ष के रूप से फिर से चुना गया है।

कलेक्टर ने फसल बीमा प्रचार वाहन को किया रवाना

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट परिसर से फसल बीमा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा,डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, सहायक संचालक आर एस तोमर एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि राज्य शासन द्वारा साग-सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। इसके तहत रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले के किसानों के फसल बीमा के लिये शासन द्वारा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से अनुबंध किया गया है।

20 ग्रामों से होकर गुजरी सतनाम संदेश शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर क्षेत्र में जिला स्तरीय प्रगतिशील सतनामी समाज के लगभग 1000 लोगों का शोभायात्रा गुरू घासीदास जयंती के पावन पर्व पर निकाली जाती है। कुछ वर्ष पूर्व जिला स्तर में इस दिन जिला आडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुई थी जिसको लेकर आम नागरिक भी मुरीद हुए थे। इस वर्ष यह शोभायात्रा ग्राम सुपा से सुबह 7.20 बजे प्रारंभ हुई जो क्रमशः ग्राम रैबार, चिखली, तेतला डिपा, बासनपाली, खोखरा, लोहरसिंह, लिंजिर डिपा, औरदा, अमलीपाली, गढउमरिया, मल्दा, घुटकुपाली, ठेंगापाली पुसौर, बुनगा रनभाठा, होकर टपरदा में वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इसे संपन्न की गई। इस तथ्य को लेकर अपने समाज के ब्लाक अध्यक्ष रविभारद्वाज, सचिव पदमन रात्रे संरक्षक दासरथी जांगडे, विजय भास्कर, मोतीलाल वर्मन, परदेशी रात्रे के साथ ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहन कुर्रे ने बताया कि संत गुरू घासीदास का संदेश प्राणि जगत में शांति स्थापित करने उनके कई सुक्ति वाक्य हैं जिसका अंगीकार करने से हर कोई सुखी और संपन्न हो सकता है। ज्ञात हो कि पुसौर में हरित सेवा समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान एवं उनके टीम के लोग उक्त शोभायात्रा का 3 बजे से इंतजार कर रहे थे जो 5 बजे पहुंची। जिनका स्वागत सत्कार करने के बाद एक विचार गोष्ठी भी आयोजित हुई।

साय के सीएम बनने के बाद अब शिक्षा में भी दिखने लगी कसावट

जशपुरनगर। कुनकुरी विधायक विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद हर क्षेत्र में लगातार प्रशासनिक कसावट देखी जा रही है। स्वास्थ्य के साथ ही अब शिक्षा के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला तामासिंघा में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 48 है और वहां केवल एक प्रधान पाठक पदस्थ हैं,इस कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई में काफी समस्या आ रही थी। इसे लेकर बच्चों के अभिभावक काफी चिंतित थे। इन अभिभावकों ने मुख्यमंत्री निवास (बगिया) पहुंचकर एक आवेदन दिया था, जिस पर सीएम हाउस से कलेक्टर को एकल शिक्षक शाला की समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल व्यवस्था बनाने को कहा गया था। कलेक्टर ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उनके निर्देश पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल बंदरचुवा के प्राचार्य ने प्राथमिक कन्या शाला बंदरचुवा की सहायक शिक्षक सरिता खाखा को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शासकीय प्राथमिक शाला तामासिंघा में अध्यापन कार्य करने के लिए आदेशित किया है।

पुसौर में श्रीश्वरी देवी का प्रवचन 29 से, शुरू हुई तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

जगद्गुरू श्री कृपालु महाराज की प्राचारिका वृन्दावन वासिनी सुश्री श्रीश्वरी देवी का सत्संग पुसौर के नगर पंचायत ग्राउंड में होने जा रहा है इसके लिए सत्संग से जुडे अशोक सोनी, मधुरलाल नायक, जगदीश पटेल, तीरथनाथ पटेल, भीमसेन साहू, सत्यनारायण ठेठवार, अजय जवाहर नायक सहित अन्य लोगों ने नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, पूर्व पार्षद बैंकुण्ठ गुप्ता, सक्रिय भाजपा नेता सुरेन्द्र जेना, संजय शडंगी, कसेर समाज के अध्यक्ष अंश साव सहित नगर के अन्य लोगों से मिलकर उक्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने की योजना बनाया है। जानकारी के मुताबिक यह कार्यक्रम 29 दिसम्बर से 11 जनवरी 24 तक सायं 4.30 बजे से 6.30 बजे तक होगा। जिसमें वेद, गीता रामायण भागवत इत्यादि समस्त धर्मग्रंथो के प्रमाणों से युक्त प्रवचन होगा जिसे सुन कर जन साधारण अवष्य ही अमल में सकते है जिससे समाज में एक शांतिमय वातावरण होगा और एक दूसरे के सुख दुख में साथ रहेंगे।

न्यायालय तहसीलदार घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांक 202309041000010 / अ-19(3) / 2022-23, ग्राम घरघोड़ा प.ह.नंबर 14 तहसील घरघोड़ा

-ईश्तहार:-

सर्व साधारण आम जनता का सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हरिश्चंद्र बेहरा अध्यक्ष/सचिव छ.ग. सोढ़ी समाज ईकाई घरघोड़ा नूतन कालोनी घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि माननीय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से भेंट मुलाकात कार्यक्रम घरघोड़ा प्रवास में उनके घोषणओं में समस्त समाजों को नगर पंचायत घरघोड़ा में 10 प्रतिशत की दर से क्रय हेतु भूमि प्रदान करने की घोषणा की गई है। इसी तारतम्य में छ.ग. सोढ़ी समाज ईकाई घरघोड़ा को पटवारी हल्का नंबर 14 ग्राम घरघोड़ा में खसरा नंबर 768/6 रकबा 1.036 हे. में से रकबा 0.202 हे. भूमि समाज शासकीय योजनाओं (10 प्रतिशत की दर) के साथ क्रय करने हेतु सहमत है , लेख करते हुए छ.ग. सोढ़ी समाज ईकाई घरघोड़ा को शासकीय योजना का लाभ के साथ प्रदान करने का निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 05.01.2024 को नियत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2023 को इस न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
घरघोड़ा

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

ऊर्जा संरक्षण का लिया संकल्प

साप्ताहिक समय सीमा के बैठक में कलेक्टर की उपस्थिति में अधिकारियों ने ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हम सत्य निष्ठा से संकल्प लेते हैं कि हम ऊर्जा का अपव्यय रोकेंगे एवं अन्य लोगों को भी ऊर्जा अपव्यय रोकने हेतु जागरूक करेंगे। आदर्श नागरिक होने के नाते हम ऊर्जा पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करेंगे ताकि आगे आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर वातावरण सुनिश्चित हो सके। एक नए व स्वच्छ भारत का निर्माण कर सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में संबंधित विभाग द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्य की जानकारी लेते हुए सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी लेकर विभाग द्वारा कार्य को बेहतर करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। ताकि लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ मित्तल ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति बस्ती में पोषण चौपाल शुक्रवार 22 दिसंबर को लगाई जाएगी। इस हेतु अधिकारियों को पहाड़ी कोरवा बस्ती में जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पहाड़ी कोरबा बस्ती में जाकर पोषण आहार से संबंधित गाइडलाइन के आधार पर जानकारी देकर जागरूक करने कहा। बसाहट की जानकारी अंतर्गत जनसंख्या, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा सड़क व्यवस्था, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, अकाउंट नंबर सामाजिक समस्याओं के संबंध में अवगत होकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अटल चौक, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल एनीमिया, किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की जानकारी ली।

■ अधिकारियों को पहाड़ी कोरवा बस्ती में जाने के निर्देश दिए

Health Town
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

'सालार' के दूसरे ट्रेलर में दिखी जिगरी दोस्तों की कट्टर दुश्मनी

नई दिल्ली। इस साल की मचअवेटेड फिल्म 'सालार' का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं फिल्म के दूसरे ट्रेलर की बात करें तो 2.54 मिनट का यह ट्रेलर आपके होश उड़ा गड़ा देगा। फिल्म की कहानी पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान की है। उनके जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों ना आए, वे अपने खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुलतान जो भी कहता वह उसे लाकर देता था और जो ना चाहे उसे मिटा देता था, लेकिन कहानी में ट्विस्ट तो तब आएगा जब सुलतान की जीहजूरी करने वाला उसका ये दोस्त कट्टर दुश्मन बन जाता है। बता दें कि पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में सुलतान का किरदार निभा रहे हैं, जो एक विलेन है।

लाइफ Style

जया

'कड़क सिंह' में करेगी डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं।

बांग्लादेश की पांच बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता जया अहसन, जानेमाने अभिनेता पंकज त्रिपाठी के साथ अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन में बनी फिल्म "कड़क सिंह" से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। जया ने पहले बंगाली भाषा में भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है और इसके लिए कई पुरस्कार भी जीते हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली अभिनेत्री ने 110 से अधिक बंगलादेशी और भारतीय बंगाली फिल्मों, टीवी धारावाहिकों, टेलीफिल्मों और वेब शो में काम किया है और दोनों देशों में फिल्मों का निर्माण किया है। जया ने कहा यह मेरी पहली हिंदी भाषा की फिल्म है और जैसा कि कहा जाता है 'हजारों मील की यात्रा एक कदम से शुरू होती है'। कड़क सिंह मेरा पहला कदम है। इस साल आईएफएफआई में जया की चार फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिनमें उनकी पहली ईरानी फिल्म 'फरेश्ता' और उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कड़क सिंह' शामिल हैं। अभिनेत्री एक प्रशिक्षित क्लासिक गायिका भी हैं और उनके पास रवीन्द्र संगीत में डिप्लोमा है। हिंदी सिनेमा में जया की शुरुआत दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो उन्हें एक बहुमुखी अभिनेत्री बनाएगी।

हॉलीवुड मसाला

अभिनेता एक्सेलरोड नहीं रहे

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जैक एक्सेलरोड का निधन हो गया है। उन्होंने 93 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता के प्रतिनिधि जेनिफर गारलैंड ने उनके निधन की सूचना दी और बताया कि एक्सलरोड की 28 नवंबर को लॉस एंजिल्स में प्राकृतिक कारणों से मृत्यु हो गई। जैक एक्सेलरोड ने टेलीसीरीज 'जनरल हॉस्पिटल' में 1987 से 1989 तक 40 एपिसोड के लिए विक्टर जेरोम की भूमिका निभाई।



'रिबेल मून' बनाने के लिए जैक को कहां से मिली प्रेरणा?

लॉस एंजिल्स। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' उन कॉलेज के दिनों से, यह विचार विकसित हुआ, जो स्नाइडर की अटूट महत्वाकांक्षा में निहित एक साहसी, दो-भाग की गाथा बन गया। इस भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, दो फिल्मों को बैक-टू-बैक शूट करने और एक विस्तारित कट शामिल करने का निर्णय फिल्म के सार को प्रदर्शित करता है।

तृप्ति बिजनेसमेन को कर रहीं डेट...

मुंबई। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल से तृप्ति डिमरी की किस्मत ही पलट गई है और वे नेशनल सेंसेशन बन चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं 'एनिमल' की 'भाभी नंबर 2' रियल लाइफ में किसे डेट कर रही हैं? बता दें कि तृप्ति के पहले एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा को डेट करने के रुमर्स थे हालांकि दोनों ने कभी पब्लिकली एक दूसरे के संग रिलेशनशिप में होने की बात को कुबूल नहीं किया है। अब खुलासा हुआ है कि तृप्ति मॉडल से बिजनेसमैन बने सैम मर्चेंट को डेट कर रही हैं। सैम मर्चेंट के इंस्टाग्राम बायो में बताया गया है कि वह वाटर्स बीच लाउंज एंड ग्रिल के फाउंडर हैं जो गोवा में स्थित है। वहीं मीडिया खबरों के मुताबिक, सैम मर्चेंट पहले एक मॉडल थे और 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉन्टेस्ट के विनर भी रहे थे।

बांग्ला 'काबुलीवाला' में आएंगे नजर

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आएंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभाई थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी। अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभाई है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है।

टीवी मसाला

दूल्हा बने 'जेठालाल' के 'टप्पू' दयाबेन भी आईं नजर...

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल का रोल निभाकर फेमस हुए दिलीप जोशी के बेटे की सोमवार को शादी हुई। जोशी परिवार जश्न के माहौल में डूबा है। सोशल मीडिया पर दिलीप के बेटे की शादी का वीडियो काफी वायरल है। इस शादी के फंक्शन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कास्ट भी नजर आईं। शो में दयाबेन का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस दिशा वकानी भी इस जश्न में शामिल हुईं। दिशा वकानी को शादी के फंक्शन में देख फैंस काफी एक्साइटेड हैं।

फैमिली संग दिखे दिलीप जोशी

सोशल मीडिया पर वायरल शादी के इस वीडियो में दिलीप जोशी अपनी पूरी फैमिली और बेटे के साथ नजर आ रहे हैं। सभी लोग काफी खुश और एक्साइटेड लग रहे हैं। जेठालाल को व्हाइट कलर की शेरवानी और पगड़ी पहने दिख रहे हैं। वहीं उनकी बेटी नियति ब्लू साड़ी पहने नजर आईं।

अन्य कलाकार भी रहे मौजूद

शादी के फंक्शन में सुनैना फौजदार, कोमल हाथी का रोल निभाने वालीं अंबिका, नितीश भलुनी, पलक सिधवानी, आत्माराम का रोल निभाने वाले मन्दार चंदवादकर और उनकी पत्नी स्नेहल भी नजर आईं।

बेटी संग दिखीं दिशा वकानी

वहीं शादी के फंक्शन की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें दयाबेन यानि दिशा वकानी पिंक कलर के सूट में दिख रही हैं। दिशा वकानी की क्यूट सी बेटी भी साथ में पोज देती दिख रही हैं। वो शो में दिलीप जोशी की पत्नी के रोल में नजर आई थीं। शो में दिलीप और दिशा के बेटे का नाम टप्पू है। मालूम हो कि दिशा वकानी कई सालों से शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से गायब हैं।

41 मजदूर, 17 दिन जिंदगी और मौत की जंग जल्द शुरू होगी 'मिशन सिलक्यारा' की शूटिंग

देहरादून। बॉलीवुड फिल्म प्रोडूसर मयंक मधुर जल्द ही उत्तराखंड टनल हादसे पर 'मिशन सिलक्यारा' नाम से फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बीच के कॉर्डिनेशन और मजदूरों को बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग को दिखाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी फिल्म का मुहूर्त करेंगे और फिल्म की शूटिंग इसी महीने से होने जा रही है।

निर्माता नहीं लेना चाहते कोई रिस्क

हालांकि, निर्माता इस फिल्म में 'मिशन रानीगंज' फिल्म में हुई चूक को लेकर बिल्कुल रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, इसलिए वे मिशन के बारे में समझने और वास्तविकता के भाव को कलाकारों के भीतर उतारने के लिए रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद सभी 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

जिद्द और जुनून की जद्दोजहद फिल्माएंगे

फिल्म में जिद्द और जुनून के बीच जिंदगी बचाने की जद्दोजहद को बहुत ही बारीकी से दिखाया जाएगा। फिल्म निर्माता पत्रकारों, स्थानीय लोगों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि घटना की बारीकी से बारीकी जानकारी दर्शाने में भूल न हो। फिल्म में म्यूजिक के लिए मशहूर सिंगर जुबिन नौटियाल को लेने पर बात चल रही है।

इन तीनों में कौन हैं रियल रणवीर सिंह...!

नई दिल्ली। बॉलीवुड के सबसे पापुलर एक्टर कहे जाने वाला रणवीर सिंह यानि गली बॉय ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। जी हां, मैडम तुसाद म्यूजियम में रणवीर सिंह का वैक्स स्टैच्यू लगा है। दिलचस्प बात ये है कि रणवीर सिंह पहले ऐसे बॉलीवुड के सेलिब्रिटी हैं, जिनके एक नहीं बल्कि दो मोम की मूर्ति लगाई हैं। वहीं इन तस्वीरों को देखकर फैंस के लिए ये पहचान पाना मुश्किल हो जाएगा कि असली रणवीर सिंह कौन से हैं। वहीं इसकी तस्वीरें रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं। फैंस रणवीर सिंह को ढेर सारी बधाइयां दे रहे हैं।

शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपए चल रही है पीछे

'डंकी' और 'सालार' में कांटे की टक्कर, प्री टिकट सेल में कौन किस पर भारी

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर अक्सर फिल्मों का क्लैश होता रहता है. हाल ही में 'एनिमल' और 'सैम बहादुर' का टकराव देखने को मिला था। वहीं अब इस लिस्ट में शाहरुख खान और प्रभास की अपकमिंग फिल्में शामिल होने जा रही हैं। दरअसल 'डंकी' और 'सालार' एक दिन के आगे पीछे रिलीज हो रही हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन दो बड़ी फिल्मों का बड़ा क्लैश होने जा रहा है।

कब रिलीज होंगी 'डंकी' और 'सालार'

जहां शाहरुख कल रात 'डंकी' को प्रमोट करने के लिए दुबई में थे, वहीं 'सालार' के निर्माता ने फिल्म की रिलीज से ठीक 3 दिन पहले आज फिल्म का दूसरा ट्रेलर लॉन्च कर दिया। यह देखना दिलचस्प होगा कि यहां से दोनों फिल्मों का सफर कैसा रहता है।

'डंकी' और 'सालार' में कौन चल रहा आगे

'डंकी' और 'सालार' का बॉक्स ऑफिस पर तो टकराव होने ही वाला है। वहीं उससे पहले शाहरुख और प्रभास की फिल्मों के बीच एडवांस बुकिंग में भी टफ कंप्टीशन देखने को मिल रहा है। इसमें 'डंकी' बाजी जीतते हुए नजर आ रही है। प्री टिकट सेल में शाहरुख खान की फिल्म प्रभास स्टारर मूवी से बढ़त बनाए हुए है।

दोनों की स्टार कास्ट व रिलीज डेट

बता दें कि 'डंकी' का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा तापसू पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल सहित कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आएंगें। ये फिल्म सिनेमाघरों में 21 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं प्रभास की 'सालार' का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास की अलावा श्रुति हसन, पृथ्वीराज सुकुमारन ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज होगी।

किसकी कितनी टिकट बिकीं अभी तक

बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट के मुताबिक डंकी ने अपनी एडवांस बुकिंग के पहले दिन 1,44,830 टिकट बेचे हैं और अब तक इसने 4.46 करोड़ रुपये तक की कमाई भी कर ली है। वहीं सालार के अभी तक 1,53,705 टिकटें बिके हैं। एसआरके स्टारर की तुलना में प्रभास की फिल्म के 8875 टिकट ज्यादा बिके हैं, बावजूद इसके इसने लगभग 3.58 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है। यानी शाहरुख की डंकी से प्रभास की सालार पूरे 88 लाख रुपये पीछे चल रही है। अब इसका कारण यह भी हो सकता है कि भारत के दक्षिण में टिकट की कीमतें लिमिटेड हैं।

खबर संक्षेप

राशन कार्डों के ई केवाईसी की प्रगति की समीक्षा

रायगढ़। मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा के बैठक के दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में एपीएलए बीपीएल सभी प्रकार के राशन कार्डधारियों के ई.केवाईसी का कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। इसके लिए उन्होंने सभी अनुभागवार एसडीएम के साथ पीडीएस दुकान संचालकों की मीटिंग लेकर कार्य जल्द पूर्ण कराने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री गोयल ने उप संचालक पशुपालन विभाग से कहा कि खुले में सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट बांधने का अभियान निरंतर रूप से जारी रखें तथा इसके नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जिससे सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम में मदद मिले। उन्होंने पशुपालकों को भी इस संबंध में जागरूक करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएमजीएसवाय को खनिज विभाग से समन्वय करते हुए नदी रेत घाटों के समीप वाली सड़कों में कम ऊंचाई के बेरियर लगाने का काम जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए अगली बैठक में इसकी समीक्षा की बात कही।

जमानत पर छूटते ही मारपीट, फिर गिरफ्तार

रायगढ। एक अपराध में गिरफ्तार आरोपी एजाज खान उर्फ भोंदू के द्वारा जमानत मिलते ही सरेआम व्यवसायी के दुकान में घुसकर मारपीट करने के आरोप में फिर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को पुराने शनि मंदिर के पास दिनदहाड़े दुकानदार के साथ मारपीट करने वाले आदतन बदमाश अजीज़ खान उर्फ भोंदू को कोतवाली पुलिस ने धारा 294,323,506,190,34 के तहत गिरफ्तार किया है। दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए अजीज खान का वीडियो सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होते ही कोतवाली पुलिस ने आरोपी को दोबारा गिरफ्तार कर लिया।

पुसौर के बेतरतीब मीट मार्केट को मिलेगी दुकानें

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर में कहीं भी, किसी भी तरह खुले में मांस मछली मुर्गा बेचने के चलन पर अंकुश लगाने लगभग 4 माह पूर्व नगर पंचायत पुसौर कार्यालय, तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था वहीं उसका खबर भी प्रकाशित हुआ था। ज्ञात हो कि देषी षराब भट्ठी के सामने सहित अन्य चौक चौराहो में सरेराह मुर्गा बकरा मार कर लोगों को उसका मांस बगैर ढके खुले में बेच रहे थे, जो अब भी जारी है। जिले के वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार व पर्यावरण विद शिव राजपूत ने प्रमुखता से शिकायत की थी। इस संबंध में तहसीलदार व नगर पंचायत सीएमओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसी कड़ी में नगर अध्यक्ष के माध्यम से जानकारी मिली है कि जल्द ही नगर के मांस कारोबारियों को व्यवस्थित स्थल उपलब्ध कराया जाएगा।

एजेंट बनकर मोटी कमाई के चक्कर में गवाएं 5.92 लाख

अंबिकापुर। जनपद में पदस्थ कर्मचारी को एजेंट बनकर मोटी रकम कमाने का झांसा देकर 5.92 लाख रुपए से अधिक की ठगी के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रनहत निवासी दिलीप कुमार गुप्ता आ. अरविन्द कुमार गुप्ता जनपद में क्षेत्रीय समन्वयक के पद पर पदस्थ है। कर्मचारी के पास 23 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर उसके ईएसकेवाई कंपनी का एजेंट बनकर प्रतिदिन 1 हजार से 14 सौ रुपए तक कमीशन व 25 हजार रुपए मासिक बेसिक मानदेय कमाने का झांसा दिया गया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने शुरुआत में तो कर्मचारी को उसका काम करने के एवज में मोटी रकम दी गई। कमीशन मिलने के बाद युवक भी लालच में आ गया और अपने पास से बड़े पैमाने पर रुपए जमा कर दिए लेकिन जब उसे कमीशन नहीं मिला तो उसने कंपनी में सम्पर्क किया।

नपं घरघोड़ा में प्रशासनिक लापरवाही से ठेकेदारों की मौज

जहां का ठेका वहां छोड़ दूसरी जगह पर ठेकेदार ने बना दी वार्ड की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

प्रदेश में सरकार और सत्ता परिवर्तन के बावजूद घरघोड़ा नगर पंचायत की कार्यशैली में कोई परिर्वतन नहीं आया है बल्कि भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात इस नगर पंचायत में प्रशासनिक लापरवाही से ठेकेदारों की मौज हो गई है। ताजा मामला एक सड़क निर्माण से जुड़ा सामने आया है जिसमें करीब 10 लाख की लागत से बनने वाली सड़क को निर्धारित वार्ड से अन्यत्र बना दिया गया है। सीएमओ की इस विषय में अपनी अनिभिज्ञता बताकर बचने का प्रयास कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत के वार्ड नं 9 तमनार मेन रोड से मोहन बरेठ घर होते भवानी तालाब तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य जिसकी लागत 9.51 लाख की सीसी सड़क का निर्माण कार्य किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य सुरू करना था अचार संहिता लागू होने के कारण निर्माण कार्य का काम रोक दिया गया था कार्य मुख्य मार्ग से मोहन बरेठ के घर से भवानी तालाब तक बनने वाली सड़क को नियमों को ताक में रख कर ठेकेदार ने रातों रात अन्य जगह विष्णु हालर से भवनी तालाब तक सीसी सड़क बना दिया मजेदार पहलू यहाँ है कि घरघोड़ा सीएमओ कहते है कि हमे पता नही ही ओर इंजीनियर यहां उपस्थित थे ही नही फिर आखिर ठेकेदार को किसने संरक्षण दिया? वार्ड न 9 के रमेश ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने गुणवत्ता की चोरी करने के उद्देश्य से रात में किया निर्माण कार्य किया गया है। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में गिट्टी सीमेंट की मात्रा में चोरी कर बालू की मात्रा अधिक मिक्स कर सड़क का निर्माण किया गया है सड़क के गुणवत्ता की जाँच होनी चाहिए।

करा रहे जांच

स्थानीय लोगों के माध्यम से ठेकेदार के द्वारा निविदा शर्तो के उल्लंघन कर निर्माण की जानकारी मिली है। इंजीनियर को निरीक्षण के लिए भेजकर जांच कराई जा रही है। आचार संहिता के दौरान काम बंद करने के निर्देश थे।

सुमित मेहता
सीएमओ नपं घरघोड़ा

हो सख्त कार्रवाई : शिशु

घरघोड़ा नपं के पूर्व अध्यक्ष विजय शिशु सिन्हा ने कहा उक्त कार्य उनके अध्यक्ष कार्यकाल के है सड़क का प्रस्ताव जहां स्वीकृत है उससे हट कर निर्माण की जानकारी आयी हैं सड़क का निर्माण रात में करना बताता है कि उद्देश्य क्या है सड़क भी गुणवत्ता विहीन है इसकी शिकायत उच्च स्तर पर की जा रही है।

वर्षों से बेच रहे धान, कैरी फारवर्ड में गायब नाम

सरकारी मंडी में धान बेचने वाले किसान काट रहे दफ्तरों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमजयगढ़

इस वर्ष धान खरीदी से पूर्व पंजीकृत किसानों के पंजीयन को केरी फारवर्ड कर नामिनी का भी नाम जोड़ा गया।इस दौरान धरमजयगढ़ क्षेत्र के दर्जनों किसानों का पंजीयन केरी फारवर्ड नही हुआ है। केरी फारवर्ड नही होने से किसान दर दर की ठोकरें खाने मजबूर हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रबंधक से लेकर कलेक्टर तक किसान दौड़ रहे हैं लेकिन समस्या का हल कहीं नहीं हो रहा है। इस विषय को लेकर पिछले सप्ताह मंगलवार को शाहपुर के किसान रोहित कुमार पटेल पटवारी हल्का नंबर 34 अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर जन दर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया लेकिन अभी तक समस्या का कोई हल नहीं निकला है।राजस्व निरीक्षक मंडल धरमजयगढ़ पटवारी हल्का नंबर 34 में स्थित पुस्तैनी भूमि खसरा नंबर रकबा 3.810 हेक्टेयर भूमि का छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद धान विक्रय हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में पंजीयन कराकर धान विक्रय किया जा रहा है। लेकिन इस वर्ष केरी पंजीयन के चक्कर में किसानों किसानों को तहसीलदार से कलेक्टर तक चक्कर काटना पड़ रहा है। पंजीयन अमान्य होने से किसान परेशान है। समस्या से तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवम कलेक्टर को भी अवगत करा चुका है लेकिन समस्या का हल कहीं नहीं निकल रहा है।

अनुदान प्राप्त शिक्षक और कर्मचारी संगठन की कार्यकारिणी गठन हेतु शिक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक और कर्मचारी संगठन के जिला इकाई की त्रि वार्षिक नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए उर्सुलाइन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरमजयगढ़ में सभी शिक्षक कर्मचारियों की आम सभा आयोजित की गई।

सर्वप्रथम सर्वप्रथम संगठन के संरक्षक वरिष्ठ शिक्षक त्रिनाथ प्रधान एवं सुशील पंडा ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और भगवान की अर्चना और सर्वमंगल होने की प्रार्थना किया। संरक्षण गण अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों व सेवानिवृत शिक्षकों के लिए पेंशनए संस्थानों में रिक्त पदों पर नियुक्ति तथा रिक्त पदों पर पदोन्नति पर ठोस प्रयास की आवश्यकता बताइ। कोषाध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने सत्र का लेखा.जोखा पेश किया और अध्यक्ष विनय पांडेय ने संगठन में एकता और संगठन के प्रति विश्वास बनाए रखने पर जोर देते हुए सत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों ने प्रदेश कार्यकारिणी, प्रांताध्यक्ष संजय दुबे और प्रांतीय महामंत्री, कृष्णा सिंह के सतत प्रयासों की सराहना की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

अध्यक्ष विनय पांडेय ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। इसके बाद नई कार्यकारिणी के चुनाव हेतु आमसभा में सर्वसम्मति से दोनों संरक्षक त्रिनाथ प्रधान और सुशील पंडा को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया। चुनाव अधिकारी द्वय की उपस्थिति में आमसभा में सर्व सम्मति से अध्यक्ष विनय पांडेय, सचिव उमाशंकर साहू, कोषाध्यक्ष, राजेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुख सागर पैकरा और दयानिधि साहू, सह सचिव जितेन्द्र चतुर्वेदी और विष्णु गुप्ता, विधि सलाहकार, राजय महाले, प्रचार सचिव सुनील कुमार प्रधान और कुंजराम पैकरा और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोज गुप्ता मनोनयन किया गया। आम सभा में सदस्यों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा जिसपर चर्चा की गई। वर्तमान सत्र में लंबित मांगों और उनके निराकरण के लिए कार्य योजना बनाई गई।

कोसीर में मड़ई मेले का आयोजन 22 को

कटेली। कोसीर की प्रसिद मड़ई मेला अंचल की सबसे प्रमुख मेला मे से एक मानी जाती है और साथ ही साथ अंचल की एकमात्र मेला होने से इसकी पूरे इतंजार एक वर्ष तक लोग करते है उसके पश्चात बडे ही उत्साह के साथ काफी संख्या में पहुंचकर मेले के आनंद उठाते है मेले की तैयारी को लेकर कई हफ्ते से ही तैयारी प्रारंभ कर देते है इस समय मेला को लेकर मेला समिति काफी सक्रिय होकर मेला की तैयारी जूटे नजर आ रहे है मेला स्थल में आधे से ज्यादा तैयारी हो चूकी है छोटी मोटी दुकाने भी काफी संख्या में सजने लगी है झूले, सिनेमा भी अपने अपने स्थानो की बुंकिग के लिए पहुंच रहे है इसमे छोटी बडी झूले मेला स्थल पहुंच भी चुंकी है जिससे मेला स्थल अभी से काफी आन्नदित लगने लगी है महौल देख लगने लगा है इस बार की मड़ई मेला अगले वर्ष की भांति और भी काफी प्रभाव पूर्ण होगी मेला समिति ने सभी लोगो को अधिक से अधिक सख्या में पहुंचकर मेला की रौनक को बढाने की अपील की है।

मिलुपारा से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, बता रहे सफलता की कहानी

तमनार। जनपद तमनार के ग्राम पंचायत मिलूपारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणजनो का भारी उत्साह देखा जा रहा है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी के साथ लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है। जागरूकता रथ में प्रोजेक्टर में माध्यम से योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियो ने उनके सफलता पर मेरी कहानी मेरी जुबानी बताए।

सर्वप्रथम भारतमाता महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर स्वच्छता शपथ लिया गया। जनपद सीईओ वीरेंद्र सिंह राय ने स्वागत उद्बोधन देते पूर्व विधायक सुनीति राठिया, डीडीसी रोहिणी बसंत राठिया, पूर्व डीडीसी अरुण कुमार रायएबंशी धर चौधरी, बीडीसी जागेश सिंह सिदार, सरपंच कलावती सिदार, उप सरपंच उद्धव भगत, सीताराम चौधरी, कीर्ति सिदार, बजरंग सिदार, चितरंजन सिदार, बहादुर सिदार पत्रकार दुर्लेंद्र पटेल, प्रताप बेहरा अन्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। बेटियो द्वारा मनमोहक गीत, सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किया गया। केन्द्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के उद्देश्य से विकसित भारत सांकल्प यात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्जुचल माध्यम से की गई है।

सभी विकासखंडों में मिल रहा लाभ

रायगढ़। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को उनके गांव तक मिलने लगा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रायगढ़ जिले में भी हो गया है। जिसके तहत आज लैलूंगा के रूपडेगा एवं घटगांव में तथा तमनार के लालपूर, मिलूपारा, हिंझर एवं खम्हरिया गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न 17 योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआए जो देर शाम तक चली। इस अवसर पर विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जहां बड़ी संख्या में ग्रामवासियों को इसका लाभ मिला। यहां उपस्थित ग्रामवासियों ने अपनी जुबानी इस कार्यक्रम को बेहतर बताया। इस यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल कर अनुभव साझा करेंगे।

संजय मैदान को संवारने की कवायद शुरू, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के रामभांठा स्थित संजय मैदान के दिन फिरने वाले हैं। नवनिर्वाचित विधायक समेत जिला व निगम प्रशासन के अधिकारिक निरीक्षण के बाद इस मैदान को व्यवस्थित करने की कवायद शुरू करने की तैयारी की जा रही है। आयुक्त ने मैदान में खेलकूद व टहलने हेतु निर्माण कार्य का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए है।

शुक्रवार को विधायक ओपी चौधरी, कलेक्टर कार्तिकेय गोयल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला प्रशासन, निगम प्रशासन व जिला पंचायत के अधिकारियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। इस दौरान संजय मैदान का भी निरीक्षण किया गया और स्थानीय लोगों से भी चर्चा की गई। लोगों ने कहा कि शहर के मध्य में स्थित इस मैदान के संवारने से शहरवासी एवं स्थानीय युवाओं को अपने खेल को संवारने में आसानी होगी। लोगों ने मैदान में मॉर्निंग, इवनिंग वॉक के लिए पाथवे, बैडमिंटन कोर्ट, बैठक व्यवस्था अच्छी करने सहित पर्याप्त लाइट व्यवस्था और विभिन्न खेलों के अंतर्राष्ट्रीय मानक को ध्यान में रखते हुए उसके कोर्ट तैयार करने की मांग की। मांग को तत्काल संज्ञान में लेते हुए विधायक श्री चौधरी एवं कलेक्टर श्री गोयल ने निगम कमिश्नर चंद्रवंशी को एस्टीमेट तैयार करने और विधिवत निविदा प्रक्रिया करने के उपरांत कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

गुरु घासीदास जयंती पर एनएसएस शिविर में नशा मुक्ति का संदेश

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के महान संत सुधारक गुरु घासीदास बाबा के जन्म जयंती के अवसर पर ग्राम खैरपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में पहुंचकर समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा के खिलाफ जागरूकता के लिए संगोष्ठी एवं रैली का विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नशा के खिलाफ संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उपर्संचालक शिवशंकर पाण्डेय के दिशा निर्देश पर विभागीय अधिकारियों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र तथा उन्नयन सेवा समिति के पदाधिकारीयों की भी उपस्थिति रही। 18 दिसंबर को समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी सुशील सिंह के अगुवाई में कला पथक कलाकार उग्रसेन पटेल एवं नवरतन बिंझवार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल द्वारा शिविर स्थल पहुंचकर नशामुक्ति के खिलाफ विशेष संगीतमय कार्यक्रम का आगाज़ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना की गई। गई प्रारंभिक उद्बोधन में जिला संगठक भोजराम पटेल ने नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने हेतु स्वयंसेवकों को आह्वान किया उन्होंने नारीशक्ति और युवाशक्ति का विशेष रूप से बखान करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। रैली निकालकर नशामुक्ति का संदेश भी दिया गया।

नशे से घर परिवार होता है बर्बाद : सुशील

समाज कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ कार्यपालक कला अधिकारी सुशील सिंह ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे घर परिवार तबाह होता है और आदमी कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त होकर परेशानियों से जुझता है इसलिए सब का नैतिक दायित्व है कि नशे से दूर रहे।

ठंड में राहत, शहर के दर्जनभर चौक-चौराहों पर जले अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने दिन में लोग धूप ताप कर राहत महसूस कर रहे हैं तो, रात में निगम प्रशासन द्वारा जलाए गए अलावा ही सहारा बनी हुई है।

ठंड में राहगीरों या बाहर गुर्जर बसर करने वालों के लिए निगम प्रशासन द्वारा अलावा जलाया जा रहा है। वर्तमान में शहर के 12 मुख्य चौक चौराहा में अलावा जलाया जा रहा है। इसमें ढिमरापुर चौक के पास, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास, डॉक्टर रूपेंद्र पटेल हॉस्पिटल के पास, रेलवे ऑटो स्टैंड के पास, रामनिवास टॉकीज चौक के पास, शनि मंदिर के पास, मिनीमाता चौक के पास, छातामुड़ा के पास, मेडिकल कॉलेज रोड पेट्रोल पंप के पास, मेडिकल कॉलेज के पास, वृद्ध आश्रम के पास, चक्रधर नगर चौक के पास, रेलवे स्टेशन के पास अलावा जलाया जा रहा है। अलावा के लिए ऐसी लकड़ियों की व्यवस्था की गई है जो दिन में भी अंगारे के रूप में ताप देती है और रात में पर्याप्त लकड़ी से इन स्थानों पर अलावा जलता है। इससे राहगीरो और बेसहारों व बाहर गुजर बसर करने वालों को राहत मिल रही है। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने अलावा जलाने के लिए पर्याप्त लकड़ी व्यवस्था रखना और मुख्य चौक चौराहों के साथ सामुदायिक स्थान पर भी अलावा जलाने की व्यवस्था करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

ओपी विद्यालय में वार्षिकोत्सव 'समागम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपी जिंदल विद्यालय, रायगढ़ में वार्षिकोत्सव समागम-द कल्चरल एमलगमेशन सांस्कृतिक कार्यक्रम विगत शनिवार को सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि रायगढ़ जिले के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल आईएएस, जितेन्द्र कुमार यादव आईएएस, सीईओ, जिला पंचायत, रायगढ़, हनुमान कुमार शर्मा, अध्यक्ष, एफ एंड ए, जेएसपी, रायगढ़ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आरके त्रिवेदी ने अपने वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-23 में विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ-ही-साथ उन्होंने विद्यालय के संरक्षक नवीन जिंदल, श्रीमती शालू जिंदल, विद्यालय प्रबंधन समिति, अभिभावकगण, शिक्षकों एवं मीडिया का भी आभार प्रदर्शन किया। आमंत्रित अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा विगत वर्ष विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में उल्लेखनीय है कि लगातार दस वर्षों तक शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए तीन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। 35 छात्र-छात्राओं को स्कालर गोल्ड, 54 को स्कालर टाई, 45 को स्कालर बैज एवं मार्कर कप के साथ-साथ 6 विद्यार्थियों को स्कालर गाउन प्रदान किया गया। इस वर्ष बेस्ट हाउस का खिताब रामानुजन सदन को एवं रनर अप आज़ाद सदन ने प्राप्त किया।